गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद

(ISO-9001:2015 एवं ISO-14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक : 566/प्रवर्तन-जोन-2/2020 दिनांक : 17.06.2020

सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम सद्दीकनगर, गाजियाबाद के खसरा संख्या-1029मि., 1030मि. व 1031मि. 75.00मीटर चौड़े महायोजना मार्ग एन.एच.-58 के मार्गाधिकार से प्रभावित, आंशिक भाग ग्रीन बेल्ट से प्रभावित, एच.टी. लाईन के 30.00 मीटर चौड़े ग्रीन बफर से प्रभावित तथा शेष भाग आवासीय भूमि पर मै. इन्द्रप्रस्थ गैस लि., श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा निर्मित सी.एन.जी. आउटलेट का शमन मानचित्र स्वीकृति हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया है। गाजियाबाद महायोजना 2021 के जोनिंग रेगुलेशन के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में पेट्रोल पम्प/सी.एन.जी. स्थापना सशर्त अनुमन्य है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जन-सामान्य से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त आवासीय भू-उपयोग में पेट्रोल पम्प/सी.एन.जी. के मानचित्र की स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव देना है, तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव दो प्रतियों में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद के जन सम्पर्क कार्यालय अथवा प्रभारी प्रवर्तन जोन-1 के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 30 दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, :@gdagzb, :@gdagzb

हेल्पलाइन नं. : 0120-3342433, व्हाट्सअप : 9818988807, वेबसाइट : www.gdaghaziabad.com

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प